Email dt:- 14/8/24
3:30PM

पत्रांक 8-1/सीएसयू/.शै/समर्थ एडमिशन/2024/1007

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया,

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

दिनांक 14.08.2024

अधिसूचना

एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम बीए.बीएड. - माध्यमिक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर, भोपाल परिसर, गुरुवायूर परिसर में संचालित होने वाले **बीए.बीएड. - माध्यमिक (आईटीईपी)** पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश हेतु NTA द्वारा आयोजित (NCET) परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों से समर्थ पोर्टल पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया प्रदत्त लिंक के माध्यम से पूर्ण कर सकते हैं :-

क्रम सं.	प्रवेश प्रक्रिया	समयसीमा तिथि
1.	ऑनलाइन प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया	16.08.2024 03:00PM से 20.08.2024 23:59PM
2.	पंजीकरण शुल्क	200/-
3.	परिसर आवंटन	21.08.2024
4.	परिसर में काउंसलिंग व भौतिक दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थिति	22.08.2024 से 26.08.2024 (Online/Offline)
5.	कक्षारंभ	02.09.2024
6.	पंजीकरण लिंक	Registration link will be provided shortly
7.	परिसर कार्यक्रम समन्वयक ➢ जयपुर परिसर ➢ भोपाल परिसर ➢ गुरुवायूर परिसर ➢ समर्थ पोर्टल तकनीकी सहायता	डॉ. कैलाश चन्द सैनी (09460867107) डॉ. दाताराम पाठक (08982744611) डॉ. विद्याधर प्रभल (08111970672) 011-28524995 Ext- 242, 9772006777 (Office Time09:30AM to 06:00PM)
8.	पाठ्यक्रम शुल्क	प्रथम - द्वितीय सत्रार्द्ध शुल्क - 18,200/- तृतीय - चतुर्थ सत्रार्द्ध शुल्क - 18,200/- पंचम – षष्ठ सत्रार्द्ध शुल्क - 18,200/- सप्तम – अष्टम सत्रार्द्ध शुल्क - 19,300/-

- NTA द्वारा आयोजित (NCET) परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों से समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- प्रवेश परीक्षा आवेदन के समय छात्र द्वारा जिस परिसर का चयन किया है, उन्हें समर्थ पॉर्टल पर उसी परिसर के लिए प्रवेश पंजीकरण करना होगा।
- सफलतापूर्वक पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने वाले छात्रों की सूची सम्बंधित परिसर को भेजी जाएगी।तथा आपको परिसर आवंटन की सूचना दिनांक 20.08.2024 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर तथा आपके पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करवा दी जाएगी।
- आवंटित परिसर में दिनांक 21.08.2024 से 23.08.2024 सायं 05:00 बजे तक ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया करवानी होगी। तदुपरान्त समर्थ पोर्टल पर निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क जमा करवाना होगा।
- निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क जमा करवाकर प्रवेश सुनिश्चित करने वाले छात्रों का कक्षारम्भ दिनांक 27.08.2024 से होगा अतः उसी समय आपके शैक्षणिक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन भी करवाना होगा।
- निर्धारित दिनांक तक प्रवेश नहीं लेने पर रिक्त सीट पर अन्य अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।परिसर के अनुसार रिक्त सीटों के लिए प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी, जिसमें सम्बन्धित परिसर द्वारा SPOT ADMISSION के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे।
- प्रवेशोपरान्त परिसर स्थानान्तरण हेतु किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सम्बन्धित परिसर के प्रवेश संयोजक से सम्पर्क कर सकते है।
- इस सन्दर्भ में अद्यतन सूचना हेतु विश्वविद्यालय व परिसर की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

जयपुर परिसर

त्रिवेणी नगर, जयपुर

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) प्रवेश प्रक्रिया (सत्र 2024-25)

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी
कुलपति

प्रो. सुदेश कुमार शर्मा
निदेशक

प्रो. वाई. एस. रमेश
अध्यक्ष - शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

डॉ. कैलाश चन्द्र सैनी
ITEP कार्यक्रम समन्वयक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 14-08-2024 को ITEP पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी की गई है, जिसके अनुसार जयपुर परिसर में प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी निम्न प्रक्रियाओं को पूर्ण कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं :-

1. सर्वप्रथम समर्थ पोर्टल https://sanskritcuet.samarth.edu.in/ncet/ पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करना होगा।
2. विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सूची एवं निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।
3. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली से जयपुर परिसर के लिए आवंटित छात्र सूची प्राप्त होने के पश्चात प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।
4. रजिस्ट्रेशन पश्चात् डाउनलोड आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज क्रमशः संलग्न कर ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से प्रेषित करें।
   - दसवीं कक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र (Marksheet & Certificate)
   - बारहवीं कक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र (Marksheet & Certificate)
   - प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate Original)
   - स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate Original)
   - चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate Original)
   - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/EWS/VH/PH प्रमाण पत्र की छायाप्रति
   - क्रीडा सम्बंधित प्रमाण पत्र (राज्य स्तरीय/राष्ट्रस्तरीय)
   - अन्य गतिविधि प्रमाण पत्र
5. सभी प्रमाण पत्रों को एक ही PDF में उपर्युक्त विवरणानुसार एवं क्रमानुसार Scan कर shikshashastram@gmail.com पर निर्धारित दिनांक व समय से पूर्व प्रेषित करना होगा।
6. समस्त प्रमाण पत्र ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुत करने के उपरान्त जयपुर परिसर द्वारा शिक्षण शुल्क जमा करने हेतु पत्र द्वारा सूचित किया जाएगा।
7. पत्रानुसार निर्धारित शिक्षण शुल्क जमा करने पर प्रवेश मान्य होगा।
8. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक 27-08-2024 को समस्त प्रमाण पत्रों के सत्यापन एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु अनिवार्य रूप से परिसर में उपस्थित होना होगा।
9. रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या होने पर निम्नलिखित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क करें।

Scan or Click on QR Code for Online Registration

ITEP कार्यक्रम समन्वयक
मो. : 9460867107

sanskrit.nic.in shikshashastram@gmail.com +91-8209583751 (T.A.)